# उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि0
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
# U.P. Power Corporation Limited
(Govt of Uttar Pradesh Undertaking)

14-अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।

CIN:U32201UP1999SGC024928

UPPCL

**सं0-23-अरा-09(अ)/पाकालि/2025** दिनांक 30 जनवरी, 2025

| | |
|---|---|
| प्रबन्ध निदेशक,<br>पूर्वांचल/पश्चिमांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/केस्को,<br>विद्युत वितरण निगम लि0,<br>वाराणसी/मेरठ/लखनऊ/आगरा/कानपुर। | निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0),<br>उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,<br>शक्ति भवन, लखनऊ। |
| समस्त मुख्य अभियन्ता,<br>उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/डिस्कॉम। | समस्त मुख्य अभियन्ता,<br>उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0। |

**विषय :-** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विद्युत अनुरक्षण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत टेक्नोलॉजिस्ट के रिक्त पदों पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 में कार्यरत अवर अभियन्ताओं को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदया/महोदय ,**

उपरोक्त के सम्बन्ध में मुझे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विद्युत अनुरक्षण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत टेक्नोलॉजिस्ट के रिक्त पदों (प्रति संलग्न) पर कार्य करने के इच्छुक अवर अभियन्ता (विद्युत) से आवेदन पत्र प्राप्त कर कृपया अनुशासनिक कार्यवाही, सतर्कता जांच की अद्यतन स्थिति सहित सूचना निम्नवत प्रारूप में कारपोरेशन मुख्यालय को एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। वो ही कार्मिक प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने विभाग में कम से कम 05 वर्ष की (प्रशिक्षण काल यदि कोई हो, को छोड़कर) सेवा पूर्ण कर ली हो तथा जिनकी उम्र "55" वर्ष से अधिक न हो :-

| क्र0सं0 | नाम/पदनाम(वरिष्ठता क्रमांक/सैप आई0डी0) | वर्तमान तैनाती स्थल | मोबाइल नं0 एवं ई-मेल | अनुशासनिक कार्यवाही/सतर्कता जांच की स्थिति* हां/नहीं | पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर तैनाती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | | | | |

* अनुशासनिक कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण आवश्यक है।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय,

30.1.25

(कैलाश चन्द्र जोशी)
संयुक्त सचिव (अरा0)

<u>सं0-23-अरा-09(अ)/पाकालि/2025 तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, उ0प्र0 पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0पा0का0लि0 एवं समस्त डिस्कॉम।
4. अधिशासी अभियन्ता (वेब), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को उ0प्र0पा0का0लि0 की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0पा0का0लि0 एवं समस्त डिस्कॉम।

30.01.25

(कैलाश चन्द्र जोशी)
संयुक्त सचिव (अरा0)

प्रेषक,

फिरोज़ आलम,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,

लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक-27-12-2024

विषयः चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विद्युत अनुरक्षण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत टेक्नोलोजिस्ट के रिक्त पदों पर उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में कार्यरत सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ताओं को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, चिकित्सा अनुभाग-6, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-I/821238/2024, दिनांक-23.12.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयगत प्रकरण में प्रतिनियुक्ति पर तैनात किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से सीधे प्रमुख सचिव, चिकित्सा विभाग, उ0प्र0 शासन को अवगत कराते हुए पत्र की प्रति इस अनुभाग को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(फिरोज आलम)

उप सचिव

Signed by
Firoz Alam
Date: 27-12-2024 10:45:06

प्रेषक,

पार्थ सारथी सेन शर्मा,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
ऊर्जा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

8562/ACSE/24
V5(A)

चिकित्सा अनुभाग-6 लखनऊः दिनांक 23 ~~नवम्बर~~ दिसम्बर, 2024

विषयः- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विद्युत अनुरक्षण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत टेक्नोलोजिस्ट के रिक्त पदों पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. में कार्यरत सहायक अभियन्ता /अवर अभियन्ताओं को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

23/12/24

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विद्युत अनुरक्षण प्रकोष्ठ के अधीन मण्डल स्तर पर निम्न् विवरण के अनुसार सहायक अभियन्ता (विद्युत) एवं अवर अभियन्ता (विद्युत) के समकक्ष टेक्नोलोजिस्ट के पद सृजित हैं:-

| क्र.सं. | पदनाम | वेतनमान | शैक्षिक योग्यता | कार्य एवं दायित्व |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक अभियन्ता (विद्युत) | पे मैट्रिक्स 56100-170500 लेवल-10 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से यांत्रिकी/ इलेक्ट्रानिक्स/विद्युत/ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में उपाधि | मण्डल के समस्त चिकित्सा इकाईयों के विद्युतीय अनुरक्षण, चिकित्सा इकाई में स्थापित चिकित्सा/विद्युतीय उपकरणों का रख-रखाव, 108 ई.एम.टी.एस., ए.एल.एस. एम्बुलेन्स सेवा, नेशनल मोबाईल मेडिकल यूनिट सेवा का अनुश्रवण, फायर फाइटिंग प्रणाली/संयन्त्रों का अनुरक्षण, लिफ्टों, सेन्ट्रल ए.सी. की स्थापना/अनुरक्षण, सोलर प्रणाली का तकनीकी पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण आदि एवं समय-समय पर मुख्यालय स्तर से दिये गये निर्देशों के क्रम में अन्य कार्य |
| 2 | टेक्नोलोजिस्ट | पे मैट्रिक्स 35400-112400 लेवल-06 | 1. माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. से हाईस्कूल परीक्षा विज्ञान के साथ या राज्य सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है, 2. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी तकनीकी संस्थान से विद्युत इलेक्ट्रानिक या यांत्रिक अभियन्त्रण में डिप्लोमा होना आवश्यक है और सम्बन्धित व्यवसाय में पांच वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। | |

2- यह भी अवगत कराना है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के विद्युत अनुरक्षण प्रकोष्ठ के अधीन अयोध्या मण्डल में सहायक अभियन्ता (विद्युत) का 01 पद एवं



SO-2
24/12/24

मुरादाबाद मण्डल, कानपुर मण्डल, वाराणसी मण्डल, झांसी मण्डल एवं गोरखपुर मण्डल में एक-एक पद टेक्नोलोजिस्ट के रिक्त हैं। उक्त पदों को भरे जाने में समय लगने की सम्भावना है एवं वर्तमान में चिकित्सा इकाईयों में उपरोक्त कार्यों हेतु उक्त कर्मियों की नितान्त आवश्यकता है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. में कार्यरत सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता (विद्युत) में से 01 सहायक अभियन्ता (विद्युत) को अयोध्या मण्डल में तथा मुरादाबाद मण्डल, कानपुर मण्डल, वाराणसी मण्डल, झाँसी मण्डल एवं गोरखपुर मण्डल में एक-एक रिक्त टेक्नोलोजिस्ट के कुल 05 पदों (समकक्ष अवर अभियन्ता, विद्युत) पर विभागीय नियुक्ति होने तक नियमानुसार प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Partha Sarthi Sensharma
Date: 11-12-2024 20:18:53

(पार्थ सारथी सेन शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अध्यक्ष, उ०प्र० पावर कार्पोरेशन लिमिटेड।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ०प्र०, लखनऊ।
3. अपर निदेशक (विद्युत), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ०प्र०, लखनऊ।

आज्ञा से,

( अर्चना वर्मा )
विशेष सचिव